बिहार शिक्षा परियोजना

मुजफ्फरपुर

एक परिचय

जून-1994

अनुक्रमणिका

1. मुजफ्फरपुर जिले का मानचित्र।
2. मुजफ्फरपुर जिला एक झलक।
3. प्राथमिक शिक्षा।
4. मुजफ्फरपुर जिला एक दृष्टि - आँकड़ों के दर्पण में।
5. प्रबन्ध संरचना।
6. लक्ष्य एवं उपलब्धि 1992-93/93-94 (विवरणी संलग्न)
7. प्रोत्साहन - प्रेरणाएँ।
8. नामांकन स्थिति 1991 - 92 - 93
9. नामांकित बच्चों की प्रतिधारण दर।
10. जिले की प्रमुख समस्याएँ।
11. ग्राम शिक्षा समिति - गठन - कार्य ।
12. एम0एल0एल0 कार्यक्रम।
13. गुणवत्ता सुधार हेतु नवाचार।
14. सबलताएँ एवं दुर्बलताएँ।
15. वातावरण निर्माण हेतु उठाये गये कदम।
16. शिक्षा विभाग एवं अन्य विकास विभागों के साथ अभिसरण।
17. जिले की योजना प्रक्रिया।
18. कार्यकलाप का अन्तर्विभागीय अभिसरण।
19. उपलब्धियों में न्यूनता का कारण।
20. जिले की विशिष्ट उपलब्धियाँ।
21. जिले में चिन्ता का क्षेत्र।
22. परियोजना कार्यान्वयन में संलग्न कर्मियों की सूची।
23. समग्र दृष्टि।
24. उपलब्धियों के संबंध में कुछ ग्राफ - संलग्न।
25. प्रकाशन।
26. व्यय - पूर्ण परिव्यय एवं व्यय - विवरण संलग्न।
27. बिहार शिक्षा परियोजना का प्रभाव।
28. बिहार शिक्षा परियोजना एवं सरकारी विभागों के बीच भिन्नता।
29. प्रशिक्षण - पृष्ठभूमि एवं प्रशिक्षण की रणनीति।
30. अनौपचारिक शिक्षा - कार्य एवं विवरण।
31. अनौपचारिक शिक्षा वर्ष 93-94 - लक्ष्य एवं उपलब्धि।
32. महिला समाख्या - वर्तमान स्थिति।
33. महिला समाख्या - लक्ष्य एवं उपलब्धियाँ।
34. संस्कृति एवं संचार - पृष्ठभूमि एवं वर्तमान स्थिति।



NIEPA DC
D08069

372
LH-A

LIBRARY & DOCUMENTATION CENTRE
National Institute of Educational
Planning and Administration.
17-B, Sri Aurobindo Marg,
New Delhi-110016
DOC, No D-9069
Date 12-03-96

मुजफ्फरपुर गंगा के उत्तरी भाग में अवस्थित उत्तर बिहार का एक प्रमुख जिला है। नदियों के किनारे आवास निर्माण की प्रवृत्ति के कारण इस क्षेत्र का नाम तीरभुक्ति पड़ा जिसके फलस्वरूप यह क्षेत्र तिरहुत के नाम से प्रसिद्ध हुआ। मुजफ्फरपुर तिरहुत प्रमण्डल का मुख्यालय अधिष्ठान भी है।

1875 में मुजफ्फरपुर जिला का आविर्भाव हुआ। इसका मुख्यालय अधिष्ठान मुजफ्फरपुर है। आजादी के बाद मुजफ्फरपुर जिले से कटकर दो नये जिले सीतामढ़ी एवं वैशाली का निर्माण हुआ। इस जिले से होकर दो प्रमुख नदियाँ बूढ़ी गंडक एवं बागमती बहती हैं। इन नदियों की निमीधिका के कारण बरसात के दिनों में इस जिले के उत्तरी हिस्से में जलप्लावन का दृश्य उपस्थित हो जाता है।

जिला मुख्यालय मुजफ्फरपुर में नगर निगम कार्यरत है। जिला दो अनुमण्डलों में विभाजित है :- पूर्वी एवं पश्चिमी मुजफ्फरपुर। जिले में 341 पंचायतें, 14 प्रखंड, 1729 ग्राम एवं 7290 टोले हैं। जनशून्य ग्रामों की संख्या 100 है।

जनसंख्या निरूपण :- 10 वर्षीय आबादी वृद्धि दर 1981 - 91 के अनुसार 25.99 प्रतिशत है। इसके पूर्व के दशक में यह वृद्धि दर 23.48 प्रतिशत थी। पिछले 10 वर्षों में जनसंख्या वृद्धि दर में 2.5 प्रतिशत की बढ़त हुई है, जबकि पूरे राज्य की वृद्धि दर 2.4 प्रतिशत है। शिक्षा का अभाव एवं स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी के कारण 1981 में स्त्री-पुरुष अनुपात 963 प्रति 1000 से घटकर 1991 में 906 महिला / प्रति हजार पुरुष हो गया है।

कृषि आधारित जीवन प्रणाली :- मुजफ्फरपुर जिले की 92 % आबादी खेती पर निर्भर है। यहाँ की मुख्य फसलें धान, गेहूँ, मकई, खेसारी, मूँग, अरहर, सरसों आदि हैं। नगदी फसल के रूप में यहाँ ईख और तम्बाकू की पैदावार होती है।

मुजफ्फरपुर एक ओर जहाँ सुस्वादु लीची के लिए प्रसिद्ध है वहाँ दूसरी ओर यहाँ केले एवं आम के बगीचे भी बहुतायत से हैं।

जिले में कृषक एवं कृषि मजदूरों की जनसंख्या अधिक होने के कारण शिक्षा के विकास में अनुकूल वृद्धि नहीं हुई है। अशिक्षा विशेषकर तकनीकी शिक्षा के अभाव में कृषि पर आधारित उद्योग धन्धों का विकास यहाँ नहीं हुआ है। विश्व प्रसिद्ध मुजफ्फरपुर की शाही लीची के लिए सारी प्राकृतिक सुविधाएं उपलब्ध होने के बावजूद इसके उत्पादन में अपेक्षित वृद्धि नहीं हो रही है और शाही लीची पर आधारित उत्पाद उद्योगों का भी समुचित विकास नहीं हो रहा है।

प्राथमिक शिक्षा

विश्व बैंक के एक दस्तावेज के अनुसार किसी भी राष्ट्र के बच्चे ही उसके सबसे महत्वपूर्ण संसाधन होते हैं। अगले कुछ दशकों में सभी राष्ट्रों की समृद्धि एवं जीवन की गुणवत्ता आज के बच्चों से निर्धारित होगी। बच्चों के सामने जो समस्यायें हैं, उनके परिवारों के सामने, उनके समुदायों के सामने और उनके राष्ट्रों के सामने जो भी समस्यायें हैं उनके समाधान की क्षमता पर ही राष्ट्रों का भविष्य निर्भर करता है। इस क्षमता का विकास शिक्षा के माध्यम से ही होता है, अतः बच्चों की पढ़ाई-लिखाई पर राष्ट्रीय संसाधनों का जो निवेश होता है वही किसी भी राष्ट्र के सुनहले भविष्य के निर्माण हेतु सबसे महत्वपूर्ण अंशदान है।

प्राथमिक शिक्षा के द्वारा अनेक महत्वपूर्ण उद्देश्यों की पूर्ति होती है। अतः सबसे पहले छात्रों की मौलिक संज्ञानात्मक कुशलताओं के विकास पर हमारा ध्यान जाना चाहिए। दूसरे बच्चों की उन अभिवृत्तियों एवं कौशलों के विकास पर हमारा ध्यान जाना चाहिए जिनसे वे समाज में प्रभावी ढंग से काम कर सकते हों। तीसरा महत्वपूर्ण मुद्दा राष्ट्र निर्माण की भावना को आगे बढ़ाना है। इन तीन मुद्दों एवं महत्वपूर्ण उद्देश्यों की दृष्टि से बच्चों के विकास के मार्ग में आनेवाली समस्याओं एवं बाधाओं को दूर करने हेतु बिहार शिक्षा परियोजना एक नई पहल है।

शिक्षा आर्थिक एवं सामाजिक विकास की आधारशिला है और प्राथमिक शिक्षा इसकी नींव का पत्थर। शिक्षा से समाज की उत्पादक क्षमता में विकास के साथ-साथ राजनैतिक, आर्थिक एवं वैज्ञानिक संस्थानों के विकास में भी वृद्धि होती है। शिक्षा से ही जनसंख्या पर रोक के साथ स्वास्थ्य एवं पोषण में विकास होता है तथा श्रमिकों की निपुणता में वृद्धि होती है। पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था में तकनीकी विकास के साथ उत्पादन के नये तरीकों की पहचान की जा रही है जिसमें प्रशिक्षित एवं शिक्षित श्रम-शक्ति की आवश्यकता से इन्कार नहीं किया जा सकता है। इस दृष्टि से शिक्षा का महत्व और बढ़ जाता है। प्राथमिक शिक्षा के मुख्य दो उद्देश्य हैं---

§1§ आबादी को साक्षर बनाना ताकि घर में और कार्यक्षेत्र में जो समस्यायें आये उनसे वे आसानी से निबट सकें और अगली पीढ़ी के लिए शिक्षा सुदृढ़ आधार तैयार कर सकें। शिक्षा से जुड़ी इन समस्याओं के निदान के लिए प्राथमिक शिक्षा में विद्यालय स्तर पर बच्चों की पढ़ाई को प्राथमिकता प्रदान की जा रही है, ताकि सभी बच्चे प्राथमिक स्तर की योग्यता हासिल कर सकें ।

§2§ सभी बच्चों के लिए विद्यालय स्तर तक की पहुँच को सुनिश्चित करना। ये दोनों लक्ष्य महत्वपूर्ण हैं पर विद्यालय में बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित किये बिना इस लक्ष्य को प्राप्त करना संभव नहीं है। हमें हर कोशिश करनी है कि 6-14 आयुवर्ग के सभी बच्चों के लिए औपचारिक अथवा अनौपचारिक विधि से पठन-पाठन की व्यवस्था उपलब्ध हो।

विकास में शिक्षा का अभिदान

विकसित देशों का इतिहास इस बात का साक्षी है कि जहाँ प्राथमिक शिक्षा का दरवाजा सभी बच्चों के लिए खोल दिया गया है वहाँ आर्थिक एवं सामाजिक विकास की गति तीव्र हुई है फलतः गरीबी में ह्रास हुआ है। ज्यों-ज्यों विकासशील देशों में बच्चों तथा प्रौढ़ों के शैक्षिक स्तर में वृद्धि होती है त्यों-त्यों उनके रोजगार में तथा उनके व्यक्तिगत आमदनी में वृद्धि होती है साथ-साथ कृषि उत्पादकता, स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में भी वृद्धि होती है और जनसंख्या विस्फोट में कमी आती है। यह आम अनुभव की बात है कि जिन व्यक्तियों का शिक्षा स्तर निम्न है उनसे उनलोगों का दृष्टिकोण अधिक आधुनिक है जिनका शिक्षा स्तर अधिक ऊँचा है। शिक्षा स्तर में विकास होने पर माँ-बाप बच्चों को विद्यालय भेजने में अधिक तत्परता दिखाते हैं। प्राथमिक शिक्षा से राष्ट्रीय एकता एवं सामाजिक सद्भाव का लक्ष्य प्राप्त होता है। पढ़े-लिखे समाज में बचत करने की आदत भी विकसित होती है।

महिला शिक्षा

महिला शिक्षा से ही बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर का विकास होता है, और बाल मृत्यु दर में भी कमी आती है। पढ़ी-लिखी माताओं के बच्चे अधिक स्वस्थ और अधिक दीर्घजीवी होते हैं।

बिहार शिक्षा परियोजना, मुजफ्फरपुर

मुजफ्फरपुर जिला — एक दृष्टि

(1) क्षेत्रफल- 3172 वर्ग किलोमीटर ।

(i) ग्रामीण-3156.4 वर्ग किलोमीटर ।

(ii) शहरी - 15.6 वर्ग किलोमीटर ।

(2) जनसंख्या (जनगणना-1991) - 29,53,903

—जनसंख्या का विभाजन —

सामान्य	अनु0जाति	अनु0जनजाति	पुरुष	महिला
2503990	448836	1277	1545690	1400881

(3) जनसंख्या का घनत्व- 928.9 प्रति वर्ग किलोमीटर ।

1. जनसंख्या वृद्धि दर (1981-1991) जनगणना के अनुसार- 25.99%
2. लिंग भेद के अनुसार स्त्री पुरुष अनुपात- 912
   (1991 की जनगणना के आधार पर)
3. अनु0जा0 की आबादी का अनुपात- 15.6%
4. बालपंजी के अनुसार 6-14 आयुवर्ग के शिशुओं की संख्या-4,80,567
5. साक्षरता दर - पुरुष-48% , स्त्री- 22%
6. प्रखण्डों की संख्या - 15, पंचायतें-341.
7. आबाद ग्रामों की संख्या-1712, टोले-7290.

परियोजना के आरम्भ में शैक्षिक परिदृश्य

(4) 1. विद्यालयों की संख्या- प्राथमिक-1540, मध्य-438.
2. भवनहीन विद्यालय (प्राथमिक/मध्य) 389
3. नामांकन (दिसम्बर, 1991)- बालक-1,54,279, बालिका-71,572 कुल-225851.
4. 6-14 आयुवर्ग के शिशु-4,80,567.
5. विद्यालय जानेवाले छात्रों की संख्या- 2,54,716
6. स्कूल नहीं जानेवाले बच्चों की संख्या-3,88,052
7. अनौपचारिक केन्द्रों की संख्या-
8. अनौपचारिक केन्द्रों पर जानेवाले बच्चों की सं0- बच्चा- बच्ची-
9. जिले में कार्यरत शिक्षकों की संख्या- पुरुष- 4022/3741 महिला 3760/3391
10. एक शिक्षकीय विद्यालयों की संख्या-139.

(5) शैक्षिक स्थिति (30-4-94)

1. विद्यालयों की संख्या (प्राथमिक/मध्य) - प्राथमिक-1540, मध्य-438
2. इसके अतिरिक्त 142 मुक्तद्वार उप विद्यालयों की स्थापना की गई।
2. भवनहीन विद्यालयों की संख्या- 100.
3. नामांकन स्थिति-(31-3-94) - 3,91,234
4. शिशुओं की संख्या (6-14आयुवर्ग) - 4,86,019
5. विद्यालय जानेवाले छात्रों की संख्या-3,91,234
6. स्कूल नहीं जानेवाले बच्चों की संख्या-94,785
7. अनौपचारिक केन्द्रों की संख्या-337.
8. अनौपचारिक केन्द्रों पर जानेवाले छात्रों की सं0-बालक-सामान्य-4,012
   बालिका-सामान्य-1712
   बालक-अनु0जाति -1964
   बालिका-अनु0जाति-862

प्रबन्ध संरचना

प्रखण्ड स्तर पर बिहार शिक्षा परियोजना से संबंधित सभी प्रकार के कार्यकलाप के संचालन की देखभाल एवं अनुश्रवण करने हेतु प्रत्येक प्रखण्ड मुख्यालय में एक प्रखण्ड सलाहकार समिति का गठन किया गया है जिसमें प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के अतिरिक्त स्थानीय विधायक, पार्षद, प्रखण्ड प्रमुख एवं विकास से संबंधित प्रखण्ड स्तरीय सभी विभागीय पर्यवेक्षी पदाधिकारी सलाह एवं मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु रखे गये हैं। प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी समिति के सदस्य सचिव मनोनीत किए गए हैं। प्रखण्ड स्तर से जो भी योजनाएं जिला स्तर पर अनुमोदन हेतु भेजी जाती हैं, पहले प्रखण्ड सलाहकार समिति में विचार विमर्श कर समिति की सहमति ले ली जाती है। जिला स्तर से अनुमोदन के पश्चात कार्यान्वयन हेतु योजनाएं प्रखण्ड में भेजी जाती हैं। कार्यान्वयन के दौरान प्रखण्ड सलाहकार समिति इन योजनाओं की देखभाल करती है।

जिला स्तर पर कम्पोनेन्ट प्रभारी के अधीन एक-एक स्टीयरिंग समिति कार्यरत है। जिला स्तर पर सभी योजनाएं एवं सभी कार्यक्रम स्टीयरिंग समूह के समक्ष विचारार्थ रखे जाते हैं। स्टीयरिंग ग्रुप द्वारा कार्यक्रमों एवं योजनाओं पर विस्तार पूर्वक विचार किया जाता है। इस ग्रुप की अनुशंसा जिला कार्य दस्ते को भेजी जाती है।

जिला कार्य दस्ता :- परियोजना में गठित औपचारिक प्राथमिक शिक्षा, अनौपचारिक प्राथमिक शिक्षा, महिला समाख्या, संस्कृति संचार एवं पूर्व बालपन की देखभाल नामक अलग-अलग कम्पोनेन्ट हैं। इन सभी प्रभागों से प्राप्त अनुशंसाओं पर विचार करने हेतु जिला परियोजना स्तर पर जिला कार्य दस्ते का गठन किया गया है। जिला कार्य दस्ते में सभी प्रभागों के प्रभारी पदाधिकारी सहित प्राथमिक स्तरीय शिक्षक संघों के प्रतिनिधि भाग लेते हैं। जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य भी जिला कार्य दस्ते के सदस्य हैं। इस दस्ते की नियमित रूप से साप्ताहिक बैठकें जिला कार्यक्रम समन्वयक की अध्यक्षता में हुआ करती है। जिला पदाधिकारी सह अध्यक्ष भी जिला कार्य दस्ते की बैठक में सम्मिलित होकर दिशानिर्देश प्रदान करते हैं।

जिला कार्यकारिणी समिति

जिला परियोजना स्तर पर जिला कार्यकारिणी सर्वोच्च समिति है जो जिला स्तर पर कार्यान्वित होनेवाले सभी कार्यक्रमों के संबंध में निर्णय लेती है। जिला स्तरीय वार्षिक कार्ययोजना, जिला कार्यकारिणी समिति द्वारा अनुमोदित होकर राज्य कार्यकारिणी समिति के विचारार्थ प्रस्तुत की जाती है। राज्य स्तरीय कार्यकारिणी समिति द्वारा पारित वार्षिक कार्य योजना जिला स्तर पर कार्यान्वयन हेतु प्राप्त होती है।

जिला क्रय समिति

जिला स्तर पर प्रत्येक घटक द्वारा विभिन्न सामग्रियों के क्रय हेतु प्रस्ताव आते हैं। जिला क्रय समिति में सभी प्रस्तावों पर विचार किया जाता है निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं और निविदादाताओं से वार्ता कर प्रस्तावित क्रय की सामग्री एवं उपकरणों के नमूनों एवं न्यूनतम दरों की स्वीकृति दी जाती है। क्रय समिति जिला कार्यक्रम समन्वयक की अध्यक्षता में बैठकें करती है। लेखा पदाधिकारी, राज्य स्तरीय कार्यालय के प्रतिनिधि एवं जिला पदाधिकारी द्वारा नामित प्रतिनिधि के अतिरिक्त क्रय से संबंधित प्रभागों के प्रभारी पदाधिकारी जिला क्रय समिति की बैठक में भाग लेते हैं।

7. हस्तक्षेप के लिए प्राथमिकताएँ

प्राथमिकताओं के निर्धारण हेतु निकष एवं आधार :- अप्रिल 1992 में मुजफ्फरपुर जिले में प्राथमिक शिक्षा का सूत्रपात हुआ। उस समय शिक्षा जगत में विशेषकर प्राथमिक शिक्षा क्षेत्र में भारी अस्त व्यस्तता एवं अराजकता व्याप्त थी। कई समस्याएँ अपनी जटिलताओं के साथ समाधान हेतु मुँह बाए खड़ी थी। भौतिक संरचनाओं पर दृष्टि डालने से जिले में भवनहीन विद्यालयों की संख्या अधिक थी। जिन विद्यालयों को भवन उपलब्ध थे उनके पास भी आवश्यक उपकरण जैसे ब्लैकबोर्ड, श्यामपट्ट, घण्टी आदि की नितांत कमी थी। विद्यालयों में छात्रों की संख्या के अनुपात में शिक्षक उपलब्ध नहीं थे। शिक्षकों को पुराने ढंग से प्रशिक्षित किया जाता था जिसके फलस्वरूप शिक्षकों के दृष्टिकोण में अपेक्षित सुधार नहीं हो पा रहा था।

महिलाओं के बीच अशिक्षा सघन रूप से व्याप्त थी। लड़कियों की शिक्षा की अनिवार्यता के महत्व से महिला और पुरुष दोनों उदासीन थे। इतनी सारी समस्याओं से एक साथ जूझना संभव नहीं था। अतः प्राथमिकताओं के निर्धारण की आवश्यकता महसूस की गई। इस दृष्टि से प्राथमिकताओं का निर्धारण निम्न सिद्धान्तों के आधार पर किया गया :-

विषय क्षेत्र	निकष एवं आधार
1. वातावरण निर्माण	जन सभाओं, शिक्षा रैलियों, नुक्कड़ नाटकों आदि के आयोजनों द्वारा लक्ष्य की प्राप्ति हेतु अनुकूल वातावरण का निर्माण किया गया।
2. भवनहीन विद्यालयों में भवन, शौचालय एवं चापाकल निर्माण।	व्यापक नामांकन अभियान, विशेषकर लड़कियों एवं अभिवंचित वर्ग के बच्चों को शिक्षा के मुख्य धारा से जोड़ने हेतु विद्यालयों में भौतिक सुविधाएँ जुटाना अत्यावश्यक।
3. लड़कियों एवं अभिवंचित वर्ग के बच्चों के लिए शिक्षण किट की आपूर्ति।	नामांकित बच्चों के ठहराव हेतु उन्हें शिक्षण किट देना आवश्यक समझा गया है।

4. खेल सामग्री, पुस्तकालय एवं शैक्षिक उपकरणों की आपूर्ति।	नामांकित बच्चों में उपलब्धि एवं संप्राप्ति हेतु इन उपकरणों की आवश्यकता महसूस की गई।
5. एम0एल0एल0 कार्यक्रम ।	बच्चों में प्राथमिक शिक्षा का सर्वव्यापीकरण न्यूनतम अधिगम की संप्राप्ति हेतु एक नई पहल।
6. महिला समूहों का गठन	महिलाओं की आत्मछवि को सुधारने एवं उनमें आत्मविश्वास पैदा करने हेतु उन्हें संगठित कर आत्मअभिव्यक्ति का अवसर प्रदा करना आवश्यक है।
7. शोजनग्रस्त एवं कामकाजी बच्चोंके लिए अनौपधारिक केन्द्रों का गठन।	जो बच्चे औपचारिक विद्यालयों में नामांकित होने के बाद भी अपनी पढ़ाई जारी नहीं र सके और ऐसे बच्चे जो अपने परिवार के काम काज में हाथ बंटाते हैं या कहीं दूसरी जगह नियोजित हैं उनके लिए शिक्षा का द्वार खोलने हेतु वैकल्पिक विधा के रूप में अनौप-चारिक केन्द्रों की स्थापना एक अनिवार्यता।

लक्ष्य एवं उपलब्धि- 1992-93 एवं 93-94:- विवरणी संलग्न।

प्रोत्साहन - प्रेरणाएँ

व्यापक नामांकन अभियान के अन्तर्गत बड़ी संख्या में लड़कियाँ एवं अभिवंचित वर्ग के बच्चे विद्यालयों में प्रवेश पा रहे हैं। इसके पीछे वातावरण निर्माण के क्रम में शैक्षिक गोष्ठियाँ, नुक्कड़ नाटक, बालसभाएं आयोजित एवं कला जत्थों के प्रदर्शन हो रहे हैं। बच्चों में रिटेन्शन प्राप्त करने हेतु एक ओर जहाँ बच्चे-बच्चियों को शिक्षण किट एवं शैक्षिक उपकरण दिए जा रहे हैं वहाँ दूसरी ओर बाल मेलों, चित्रांकन एवं निबंध लेखन प्रतियो-गिताओं में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया जा रहा है। शिक्षकों के अभिप्रेरण हेतु विद्यालय के रखरखाव एवं उत्तम शिक्षण को दृष्टि से उत्कृष्ट कार्य के लिए शिक्षक पुरस्कार योजना भी लागू की गई है। शिक्षकगण पुरस्कार योजना में शामिल होने के लिए विद्यालय सौन्दर्यीकरण एवं पठन-पाठन में नवाचार का प्रयोग कर रहे हैं।

परियोजना में कार्यरत कर्मियों को उनके द्वारा सम्पादित कार्य की विशिष्टता की दृष्टि से उन्हें प्रतिमाह परियोजना भत्ता दिया जाता है।

सामुदायिक भागीदारी के लिए ग्राम शिक्षा समिति के सदस्यों तथा शिक्षकों को अध्ययन भ्रमण पर भेजा जाता है।

§10§ नामांकन स्थिति 1991-92-93 वर्गवार एवं श्रेणीवार

दिनांक-31-12-91

लिंग	सामान्य	अनुजाति	कुल
लड़की	63,328	8,244	71,572
लड़का	1,31,287	22,992	1,54,279
योग-	1,94,615	31,236	2,25,851

दिनांक-31-12-92

लिंग	सामान्य	अनुजाति	कुल
लड़की	98,713	20,192	1,18,905
लड़का	1,82,086	42,024	2,24,110
योग-	2,80,799	62,216	3,43,015

दिनांक-31-12-93

लिंग	सामान्य	अनुजाति	कुल
लड़की	1,12,702	24,326	1,37,005
लड़का	2,01,516	49,387	2,50,927
योग-	3,14,218	73,713	3,87,931

11. नामांकित बच्चों की प्रतिधारण दर

1991	–	45%	सामान्य एवं अनुसूचित जाति के सम्मिलित आँकड़े।
1992	–	55%	
1993	–	60%	
1994	–	63%	

अनुसूचित जाति :-

1991	–	25%
1992	–	35%
1993	–	42%
1994	–	48%

12. जिले की प्रमुख समस्यायें :- छात्र शिक्षक 1:40 अनुपात के आधार पर 1994 में छात्र संख्या 3,91,234 है जिसके लिए 8000 से अधिक आवश्यकता हो जाती है। इस आवश्यकता के विरुद्ध जिले में मात्र 7000 शिक्षक उपलब्ध हैं। शिक्षकों का स्वीकृत बल 7,671 है। निश्चय ही शिक्षक इकाइयों में वृद्धि की आवश्यकता है।

आगामी वर्षों में जनसंख्या वृद्धि 2.4% को ध्यान में रखते हुए सबके लिए शिक्षा के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु अनौपचारिक केन्द्रों की संख्या में वृद्धि करनी होगी साथ ही निजी विद्यालयों को भी सशक्त करना होगा। निजी विद्यालयों में नामांकित छात्रों की संख्या 40-45 हजार है।

अभी भी जिले में 100 भवनहीन प्राथमिक विद्यालय हैं तथा उससे अधिक शौचालय एवं वाटरकूल विहीन विद्यालय हैं। अभी भी बड़ी संख्या में ऐसे विद्यालय हैं जहाँ अत्यावश्यक उपस्कर खेलकूद एवं शैक्षिक उपकरणों की कमी दिखाई पड़ रही है।

इन कार्यों पर प्राथमिकता के आधार पर ध्यान देना होगा ताकि प्राथमिक शिक्षा के मूल उद्देश्यों जैसे सर्वव्यापी पहुँच, सर्वव्यापी भागीदारी एवं सर्वव्यापी उपलब्धि को प्राप्त किया जा सके।

परियोजना स्तर पर सभी प्रभागों में स्रोत व्यक्तियों तथा अन्य कर्मियों की कमी दिखाई पड़ रही है। निकट भविष्य में इस समस्या की ओर भी ध्यान देना होगा।

सबके लिए शिक्षा के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु वर्ष 94-95 के लिए तैयार की गई वार्षिक कार्य योजना में 1996-97 तक की भावी योजना को भी संलग्न किया गया है। इसके अनुसार कार्य करने पर वर्ष 1996-97 की समाप्ति तक हम सबके लिए शिक्षा के घोषित लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे।

13. ग्राम शिक्षा समिति, निर्माण कार्य, शिक्षण किट वितरण आदि प्रमुख कार्यों के कार्यान्वयन की प्रक्रिया :-

पूर्व से प्रत्येक ग्राम के लिए एक ग्राम शिक्षा समिति का गठन किया गया है। बिहार शिक्षा परियोजना के अन्तर्गत प्रत्येक विद्यालय के लिए एक-एक ग्राम शिक्षा समिति का गठन किया गया है। ग्राम शिक्षा समिति के सदस्यों का प्रशिक्षण प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है।

भवन, शौचालय एवं चापाकल निर्माण हेतु अभिकर्त्ता का चयन ग्राम शिक्षा समिति द्वारा किया जा रहा है। शिक्षण किट, खेल सामग्री, पुस्तकालयों के लिए पुस्तकें एवं शैक्षिक उपकरण का वितरण ग्राम शिक्षा समिति के माध्यम से किया जा रहा है।

परियोजना के विभिन्न कार्यों में समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही ताकि परियोजना के नहीं रहने पर भी लोक अभिक्रम से सारे कार्यक्रम संचालित होते रहें।

14. एम0एल0एल0 कार्यक्रम :- एम0एल0एल0 कार्यक्रम के अन्तर्गत लिए गए विद्यालयों की संख्या 178 है। वर्तमान स्थिति - जनवरी 94 में कक्षास्तर पूर्व परीक्षण आयोजित, मार्च 94 में इकाई परीक्षण-एक। मई 94 में इकाई परीक्षण-दो सम्पन्न। चयनित विद्यालयों के शिक्षकों की प्रतिमाह समीक्षा हेतु गुरूगोष्ठी आयोजित। परीक्षण विश्लेषण कार्य सम्पन्न। प्रतिफल परियोजना मुख्यालय को प्रेषित। परीक्षण एवं मूल्यांकन से संबंधित ग्राफ संलग्न।

15. एम0एल0एल0 कार्यक्रम के अन्तर्गत अन्य महत्वपूर्ण विन्दु :- इस कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु शिक्षक-छात्र के बीच आदर्श अनुपात अपेक्षित है। वर्तमान संदर्भ में इस अनुपात को प्राप्त करने में समय लगेगा। अतः सम्प्रति कक्षा एक से कक्षा तीन तक ही एम0एल0एल0 कार्यक्रम को सीमित रखने का निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त एम0एल0एल0 कार्यक्रम से जुड़े विद्यालयों में दो पालियों में कक्षा संचालन की व्यवस्था लागू की जा रही है। इस व्यवस्था से उन विद्यालयों में कक्षा संचालन किया जाएगा जहाँ सभी कक्षाओं के लिए स्वतंत्र रूप से अलग-अलग शिक्षक उपलब्ध नहीं हैं।

16. गुणवत्ता सुधार हेतु नवाचार :- प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हेतु कई प्रकार के नवाचार अपनाए गए हैं। परियोजना कर्मियों, शिक्षकों एवं निरीक्षी पदाधिकारियों के उन्मुखीकरण हेतु कार्यशालाओं का आयोजन किया गया है।

मासिक गुरूगोष्ठियों को प्रभावी बनाने हेतु जिला स्तर पर परियोजना कर्मी उनमें भाग लेते हैं और प्रतिमाह एक विषय निर्धारित कर उस पर राईट अप दिया जाता है तथा विषय पर सामूहिक चर्चा होती है। विभिन्न प्रकार के फार्मेट को सही-सही भरने के लिए गुरूगोष्ठियों के माध्यम से शिक्षकों को मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है।

महिला समाख्या के जिला रिसोर्स परसन प्राथमिक विद्यालयों में नामांकन की जांच करते हैं और नियमित रूप से प्रतिवेदन देते हैं।

अनौपचारिक केन्द्रों, महिला जगजगी केन्द्रों एवं ग्राम शिक्षा समितियों के बीच तालमेल स्थापित किया जाता है।

17. सबलताएं एवं दुर्बलताएं :-

सबलताएं :- राज्य एवं जिला स्तर पर परियोजना कर्मियों का समर्पित कार्यदल हमारी सबलता है। पूर्व से उपलब्ध भौतिक एवं संरचनात्मक सुविधाएं हमारी सबलता है। मुरौल में सिंचाई विभाग से प्राप्त भवन समूह एवं रामबाग स्थित शिक्षक प्रशिक्षण विद्यालय हमारे प्रशिक्षण कार्यक्रम को आगे बढ़ाने में लाभदायक रहे हैं। नवगठित ग्राम शिक्षा समितियाँ विद्यालय स्तरीय कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने में सक्रिय हैं। नव प्रशिक्षित शिक्षकों का समूह हमारे लक्ष्य को तेजी से आगे बढ़ा रहा है। ये सब हमारी सबलताएं हैं।

दुर्बलताएं :- जिले के प्रशिक्षित स्रोत व्यक्तियों द्वारा प्रशिक्षण प्रभाव का मूल्यांकन नहीं किया जा रहा है। अभी भी हमारे विद्यालय कई भौतिक सुविधाओं से वंचित हैं। जिस गति से शिक्षकों का प्रशिक्षण चल रहा है परियोजना की सीमित अवधि में शायद 100% शिक्षक प्रशिक्षित नहीं हो पायेंगे।

18. वातावरण निर्माण हेतु उठाए गए कदम :- जनसभाओं, रैलियों एवं जत्थों का आयोजन। शिक्षकों एवं अभिभावकों के साथ विचार गोष्ठियाँ। शिक्षक संघों के साथ सम्पर्क सभाएँ। बी०डी०ओ० फिल्मों का प्रदर्शन, बालमेलों का आयोजन, वाद विवाद प्रतियोगिता एवं कला जत्थाओं का प्रदर्शन।

19. शिक्षा विभाग एवं अन्य विभागों के साथ अभिसरण :- शिक्षा विभाग को शिक्षक समस्याओं के निदान हेतु सक्रिय बनाया गया है। निरीक्षी पदाधिकारियों का निरीक्षण हेतु उन्मुखीकरण किया गया है। प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों एवं अन्य प्रखण्ड कर्मियों का भी उन्मुखीकरण किया गया है। ओ०बी० बोर्ड योजना के साथ भी ताल मेल किया गया है। जवाहर रोजगार योजना एवं जिला योजना के साथ भी निर्माण कार्यों में तालमेल किया गया है।

20. जिले की योजना प्रक्रिया - प्रखण्ड स्तर पर प्रखण्ड सलाहकार समिति से अनुशंसा प्राप्त कर स्टीयरिंग ग्रुप में योजनाओं पर विचार किया जाता है। इसके बाद जिला कार्यदस्ता योजनाओं पर विभिन्न दृष्टियों से विचार करता है, तत्पश्चात जिला कार्यकारिणी समिति के समक्ष योजनाओं को अन्तिम रूप देने की जिम्मेदारी आती है।

21. कार्यकलाप का अन्तर्विभागीय अभिसरण - चयनित प्रखण्डों में औपचारिक प्राथमिक शिक्षा, अनौपचारिक प्राथमिक शिक्षा एवं महिला समाख्या के बीच तालमेल बैठाया गया है। संस्कृति संचार प्रभाग भी इन प्रखण्डों में सघन रूप से अपनी गतिविधियाँ प्रक्षेपित करता है।

22. उपलब्धियों में न्यूनता का कारण :- बाढ़, शादी-विवाह और कृषि कार्य के अतिरिक्त निर्णय लेने में विलम्ब आदि।

23. जिले की विशिष्ट उपलब्धियाँ - 142 मुसहर विद्यालयों की स्थापना जिसमें लगभग 12,000 मुसहर जाति के प्रथम पीढ़ी के बच्चे नामांकित हुए हैं। महिला समाख्या द्वारा मुबारकपुर में एक प्राथमिक विद्यालय की स्थापना। टोला समितियों द्वारा अनौपचारिक केन्द्रों का संचालन। डायट उपकेन्द्र के रूप में रामबाग प्रशिक्षण महाविद्यालय का स्थान्तरण।

24. जिले में चिन्ता के क्षेत्र :- कार्यान्वयन में संवेदनशील कर्मियों की कमी, ग्राम शिक्षा समिति अभी सबल नहीं हो पायी है, स्वंयसेवी संगठनों की कमी।

25. सुधार हेतु आवश्यक कदम :- परियोजना इन समस्याओं के प्रति सजग है। विद्यालय के वातावरण को रुचिकर बनाकर, शौचालय, चापाकल एवं शिक्षण सामग्री की व्यवस्था कर समाधान का प्रयास। अभिवृत्यात्मक परिवर्त्तन हेतु शिक्षकों एवं ग्राम शिक्षा समिति का नये ढंग से प्रशिक्षण।

26. परियोजना कार्यान्वयन में संलग्न कर्मियों की सूची :- संलग्न।

27. समग्र दृष्टि :5 समुदाय में शिक्षा के प्रति नई ललक पैदा हुई है। ग्राम शिक्षा समितियाँ एवं टोला समितियाँ कार्यक्रमों को समुदाय के बीच स्वीकार्य बनाने में तत्पर शिक्षकों के दृष्टिकोण में बदलाव। भौतिक अभावों की पूर्ति।

28. उपलब्धियों के संबंध में कुछ ग्राफ :- संलग्न।

29. प्रकाशन :- ग्राम शिक्षा समिति के गठन एवं कार्यकलाप पर पुस्तिका का प्रकाशन, डायट बुलेटिन का प्रकाशन महिला समाख्या बुलेटिन का प्रकाशन [illegible]

अंकों का प्रकाशन।

30. व्यय - पूर्व परिव्यय एवं व्यय :5 विवरण संलग्न।

बिहार शिक्षा परियोजना का प्रभाव

1. व्यापक नामांकन अभियान के फलस्वरूप विगत तीन शैक्षिक सत्रों में लड़कियों एवं अनुसूचित जाति के शिशुओं के नामांकन में अनवरत वृद्धि परिलक्षित हुई है।

2. नामांकित बच्चों के ठहराव में आनुपातिक ह्रास हुआ है। पहले बच्चे पूर्वाह्न में आते थे और अपराह्न में बहुत सारे बच्चे घर चले जाते थे। शिक्षकों के प्रशिक्षण एवं उनके दृष्टिकोण में परिवर्तन के कारण बच्चे अपराह्न में भी विद्यालय छोड़कर नहीं भागते। विद्यालय के शैक्षिक वातावरण में गुणात्मक सुधार के कारण भी बच्चे विद्यालय में टिके रह रहे हैं।

3. बिहार शिक्षा परियोजना के पूर्व समुदाय विद्यालय से कटा-कटा सा रहता था। ग्राम शिक्षा समितियाँ निष्क्रिय थीं। परियोजना आने के बाद ग्राम शिक्षा समितियों का विद्यालय स्तर पर पुनर्गठन किया गया है। समुदाय ग्राम शिक्षा समितियों के माध्यम से विद्यालय के दैनिक कार्यकलाप के प्रति उन्मुख हुआ है।

4. परियोजना आने के पूर्व सरकारी विभागों से निर्मित विद्यालयों को समुदाय अपनी सम्पत्ति के रूप में नहीं मानता था। परियोजना आने के बाद विद्यालयों, शौचालयों एवं चापाकलों का निर्माण ग्राम शिक्षा समिति के माध्यम से कराया जा रहा है। अतः नवनिर्मित भवनों एवं शौचालयों को समुदाय अपनी सम्पत्ति के रूप में ग्रहण करता है और उनके रख-रखाव पर ध्यान देता है।

बिहार शिक्षा परियोजना सरकारी विभागों से कैसे भिन्न है?

1. सरकारी विभागों द्वारा जो भी विद्यालय, शौचालय या चापाकल निर्मित हुए हैं वे ठीकेदारों के माध्यम से हुए हैं अतः समुदाय एवं ग्राम शिक्षा समिति का उनसे लगाव नहीं बन पाया है। बिहार शिक्षा परियोजना द्वारा जो भी निर्माण कार्य हो रहे हैं उनमें समुदाय की सीधी भागीदारी है। सरकारी विभागों एवं परियोजना के बीच यह सबसे बड़ा मौलिक अन्तर है।

2. परियोजना आने के पूर्व शिक्षक संघों के साथ जिला प्रशासन का संबंध उतना मधुर नहीं था क्योंकि शिक्षक संघ बराबर मांगों की पोटली लेकर प्रशासन के सामने आते थे। बिहार शिक्षा परियोजना के आने के बाद स्टीयरिंग ग्रुप, जिला कार्यालय एवं जिला कार्यकारिणी में शिक्षक संघों को प्रतिनिधित्व दिया गया है और हर मुख्य मुद्दे पर शिक्षक प्रतिनिधियों से विचार विमर्श करने के बाद ही कार्यान्वयन के लिए कोई निर्णय लिया जाता है। इस प्रकार शिक्षक संघ सकारात्मक भूमिका अदा करने लगे हैं।

3. निरीक्षी पदाधिकारियों के दृष्टिकोण में परिवर्तन लाने हेतु निरीक्षी पदाधिकारियों का नियमित रूप से उन्मुखीकरण किया जाता है।

4. बिहार शिक्षा परियोजना के सभी कार्यकलाप में महिलाओं की साझीदारी भी प्राप्त की जाती है जो विभागीय कार्यों में कम दिखाई पड़ती है।

5. औपचारिक प्राथमिक शिक्षा, अनौपचारिक प्राथमिक शिक्षा, महिला समाख्या एवं संस्कृति/संचार कार्यक्रम चयनित प्रखण्डों में एक साथ किये जाते हैं ताकि सभी प्रभागों के बीच मधुर सामंजस्य स्थापित हो सके।

प्राथमिक औपचारिक शिक्षा

वर्ष 92-93 एवं 93-94 में लक्ष्य एवं उपलब्धि आँकड़े

	1992-93		1993-94	
	लक्ष्य	उपलब्धि	लक्ष्य	उपलब्धि
1. नामांकन (ENROLMENT)	5,57,564	3,28,403	6,26,624	3,86,927
2. शिक्षण किट वितरण। (TEACHER KITS)	56,000	56,000	1,79,000	1,56,535
3. कार्यशाला आयोजन (WORKSHOPS)	14	14	9	17
4. बैंच मार्क सर्वे (BENCHMARK SURVEY)	-	-	3 प्रखण्ड	28 ग्राम
5. शिक्षक संगठनों के साथ सम्मेलन।	-	31	5	2
6. ग्राम शिक्षा समिति (VEC)	-	1781	500	1582
7. ग्राम शिक्षा समिति का प्रशिक्षण। (TRG OF VEC)	-	-	-	336 सदस्य
8. एम०एल०एल० कार्यक्रम (MLL)	78	78	100	100
9. शिक्षक इकाइयों का सुदृढ़ीकरण।	-	-	-	228
10. विद्यालय पुस्तकालय की स्थापना। (LIBRARY)	300	300	500	500
11. खेलकूद सामग्री की आपूर्ति। (SPORTS)	300	-	500	-
12. इन्नोवेटिव शैक्षिक उपकरण। (INNOVATIVE)	300	-	500	-
13. उपस्कर आपूर्ति	300	-	635	635
14. श्यामपट्ट की आपूर्ति	-	-	1977	-
15. विद्यालय भवन निर्माण	84	82	116	56
16. विद्यालय मरम्मत (REPAIR)	-	-	100	-
17. शौचालय निर्माण	140	127	657	58
18. चापाकल निर्माण	140	139	563	42
19. प्रधानाध्यापकों का प्रशिक्षण।	-	-	100	100
20. निरीक्षी पदाधिकारियों का प्रशिक्षण।	-	-	40	27
21. गुरु गोष्ठी	-	432	-	114
22. शिक्षकों का 10/11 दिवसीय प्रशिक्षण।	-	-	1400	क) 317 -10 दिवसीय ख) 768 -11 दिवसीय

** COMPUTER CELL ** BIHAR EDUCATION PROJECT, MUZAFFARPUR **

BLOCK WISE NO. OF CHILDREN BETWEEN AGE GROUP (6-14) RECORDED IN BAL PANJI OF P/M SCHOOLS AS ON 31 MARCH 1994.

DISTT. : MUZAFFARPUR (PROVISIONAL)

SL NO	NAME OF THE BLOCK	GEN BOYS	GEN GIRLS	TOTAL	SC BOYS	SC GIRLS	SC TOTAL	ST BOYS	ST GIRLS	ST TOTAL	BOYS TOTAL	GIRLS TOTAL	GRAND TOTAL
1	SARAIYA	12992	9950	22942	2869	2065	4934	26	0	26	15887	12015	27902
2	MOROUL	12267	8612	20879	3508	2397	5905	0	0	0	15775	11009	26784
3	SAHEBGANJ	8858	6499	15357	1857	1300	3157	0	0	0	10715	7799	18514
4	PAROO	20490	14950	35440	3960	2590	6550	2	6	8	24452	17546	41998
5	MURHANI	26433	18267	44700	6075	3949	10024	0	3	3	32508	22219	54727
6	KATRA	12989	8728	21717	2211	1505	3716	61	48	109	15261	10281	25542
7	BOCHAHAN	12635	8489	21124	3539	2310	5849	0	0	0	16174	10799	26973
8	TOWN AREA	11710	10126	21836	2684	1872	4556	24	9	33	14418	12007	26425
9	MUSAHARI	6436	4640	11076	2360	1712	4072	0	0	0	8796	6352	15148
10	MINAPUR	13101	9141	22242	2574	1679	4253	2	2	4	15677	10822	26499
11	AURAI	16349	11089	27438	2467	1548	4015	0	0	0	18816	12637	31453
12	SAIGHAT	16874	12197	29071	2706	2043	4749	0	0	0	19580	14240	33820
13	SAKARA	15490	12253	27743	3724	2645	6369	10	0	10	19224	14898	34122
14	KANTI	22788	17370	40158	5939	3977	9916	0	0	0	28727	21347	50074
15	MOTIPUR	23072	16062	39134	4039	2865	6904	0	0	0	27111	18927	46038
*** Total ***		232484	168373	400857	50512	34457	84969	125	68	193	283121	202898	486019

06/24/94

COMPUTER SECTION BIHAR EDUCATION PROJECT, MUZAFFARPUR **

BLOCK WISE DISTRIBUTION OF STUDENTS OF P.M SCHOOLS
ENROLLED AS ON 31 MARCH 1994.

DISTRICT : MUZAFFARPUR (PROVISIONAL)

SL. NO.	NAME OF THE BLOCK	GENERAL BOYS	GENERAL GIRLS	GENERAL TOTAL	SC BOYS	SC GIRLS	SC TOTAL	ST BOYS	ST GIRLS	ST TOTAL	TOTAL BOYS	TOTAL GIRLS	GRAND TOTAL	REMAR
1	MINAPUR	10095	5115	15210	2357	1049	3406	1	1	2	12453	6165	18618	
2	MUSAHARI	8986	6010	14996	3791	2235	6026	0	0	0	12777	8245	21022	
3	BOCHAHAN	11956	6354	18310	3182	1632	4814	1	0	1	15139	7986	23125	
4	AURAI	12643	6671	19314	2136	953	3089	0	0	0	14779	7624	22403	
5	KATRA	9881	6240	16121	1851	983	2834	26	15	41	11758	7238	18996	
6	GAIGHAT	11737	8269	20006	2343	1726	4069	0	0	0	14080	9995	24075	
7	MOROUL	11414	7310	18724	3653	1895	5548	7	0	7	15074	9205	24279	
8	SAKARA	11244	7807	19051	3441	1653	5094	0	0	0	14685	9460	24145	
9	SAHEBGANJ	10674	6305	16979	2140	987	3127	4	0	4	12818	7292	20110	
10	SARAIYA	16187	11314	27501	4283	2641	6924	1	0	1	20471	13955	34426	
11	KURHANI	18617	11691	30308	4929	2212	7141	0	0	0	23546	13903	37449	
12	PAROO	14773	9428	24201	3471	1700	5171	8	0	8	18252	11128	29380	
13	MOTIPUR	16976	9934	26910	3686	2038	5724	0	0	0	20662	11972	32634	
14	TOWN AREA	10653	9763	20416	2160	2015	4175	14	6	20	12827	11784	24611	
15	KANTI	19056	13396	32452	4954	2836	7790	1	0	1	24011	16232	40243	
***	Total ***													

[illegible]/24/94

** COMPUTER SECTION ** BIHAR EDUCATION PROJECT, MUZAFFARPUR **

BLOCK WISE DISTRIBUTION OF STUDENTS OF P M SCHOOLS APPEARED
IN ANNUAL EXAMINATION HELD IN DECEMBER'93.

DISTRICT : MUZAFFARPUR (PROVISIONAL)

SL. NO.	NAME OF THE BLOCK	GENERAL BOYS	GENERAL GIRLS	GENERAL TOTAL	SC BOYS	SC GIRLS	SC TOTAL	GEN+ SC BOYS TOTAL	GEN+ SC GIRLS TOTAL	ST TOTAL	GRAND TOTAL	REMARKS
1	PAROO	7519	4081	11600	1853	877	2730	9376	4958	0	14334	PAROO-2 REPO (I-V)
2	KATRA	7864	4395	12259	1500	546	2046	9364	4941	0	14305	5 SCH. REPO. N.R.
3	SAHEBGANJ	7626	3413	11039	1567	526	2093	9193	3939	3	13135	10 SCH. REPO. N.R.
4	BOCHAHAN	5981	3050	9031	1721	646	2367	7702	3696	0	11398	
5	TOWN AREA	7757	6532	14289	1821	1130	2951	9578	7662	26	17266	
6	MUSAHARI	8825	5598	14423	4018	2219	6237	12843	7817	0	20660	
7	MOROUL	9175	4866	14041	3003	1378	4381	12178	6244	0	18422	
8	SARAIYA	11443	6806	18249	2975	1515	4490	14418	8321	8	22747	
9	MINAPUR	9773	4239	14012	2346	938	3284	12119	5177	3	17299	7 SCH. REPO. N.R.
10	KURHANI	12785	6670	19455	3355	1453	4808	16140	8123	1	24264	
11	AURAI	9431	4607	14038	1561	553	2114	10992	5160	10	16162	
12	GAIGHAT	10575	5841	16416	2092	1307	3399	12667	7148	2	19817	2 SCH. REPO. N.R.
13	SAKARA	9187	5492	14679	2946	1297	4243	12133	6789	0	18922	
14	MOTIPUR	14640	7151	21791	3091	1271	4362	17731	8422	0	26153	
15	KANTI	13702	8597	22299	3911	1957	5868	17613	10554	0	28167	
*** Total ***		146283	81338	227621	37760	17613	55373	184047	98951	53	283051	

BIHAR EDUCATION PROJECT
MUZAFFARPUR
Computer Cell



Distribution of age gp.(6-14) popln. among Govt.P/M Sch(Q1) Pvt. Sch(Q2) Class (I-VIII)
NFE Centres(Q3), Left Out(Q4)***(q1=377343, q2=18089, q3=5125, q4=157007)***
Total popln. of Bai Panji=557564 (Approx.) M. Fig. June '93

बेंच मार्क सर्वेक्षण - एक निष्कर्ष

1. सर्वेक्षित ग्रामों की संख्या - 26
2. 6 - 14 आयुवर्ग की लड़कियों की साक्षरता - 2429 - 26.8%
3. अनुसूचित जाति साक्षरता -

लड़का	-	1096
लड़की	-	337
कुल	-	1433
प्रतिशत	-	15.8%

4. परिवारों की संख्या - 5781
5. 6 - 14 आयुवर्ग के बच्चों की कुल संख्या - 9043
6. विद्यालय जानेवाले बच्चों की संख्या - 6333 - 70 %

बिहार शिक्षा परियोजना
[illegible] भवन, मुजफ्फरपुर

जिला कार्यदल की बैठक हेतु सामग्री (प्राथमिक औपचारिक शिक्षा)

क्रम	कार्यक्रम	1992-93 लक्ष्य	1992-93 उपलब्धि	1993-94 लक्ष्य	1993-94 उपलब्धि	अभ्युक्ति
1.	कार्यशाला आयोजन:- विषय-ग्राम शिक्षा समिति का गठन, एम0एल0एल0 कार्यक्रम, नामांकन, शिक्षकों का उन्मुखीकरण, शिक्षण किट वितरण, विद्यालय/शौचालय/चापाकल निर्माण।	-	14	8	17	प्रतिभागियों की संख्या एवं कार्यशाला आयोजन की तिथि संलग्न।
2.	प्राथमिक शिक्षा के सर्वव्यापीकरण एवं सबके लिए शिक्षा के उद्देश्य की प्राप्ति हेतु ग्राम एवं परिवार सर्वेक्षण।	—	—	3 प्रखण्ड	28 ग्राम	प्राप्त आँकड़ों का विश्लेषण किया गया।
3.	शिक्षक संगठनों के साथ सम्मेलन	-	31	5	2	सम्मेलन में 300 शिक्षकों ने भाग लिया।
4.	नामांकन आंकड़े	-	सामान्य-2,05,356 अ0 जा0- 40,487	-	सामान्य-3,14,218 अ0 जा0- 73,663 कुल योग :-3,87,881	
5.	ग्राम शिक्षा समिति		1781 (पुरानी पद्धति से)	500	1582 (नई पद्धति से)	336 सदस्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण पूर्ण।
6.	एम0एल0एल0 कार्यक्रम	78	78	100	178	सभी विद्यालयों में जांच परीक्षण सम्पन्न।
7.	शिक्षक इकाईयों का युक्तिकरण	—	—			कोई विद्यालय शिक्षक विहीन नहीं है। शिक्षक इकाईयों का समायोजन किया गया है।

क्रमांक	कार्यक्रम	1992-93 लक्ष्य	1992-93 उपलब्धि	1993-94 लक्ष्य	1993-94 उपलब्धि	अभ्युक्ति
8.	इन्टरवेंशन पैकेज - पैकेज हेतु चयनित विद्यालयों की संख्या- 684.					
	(क) इनोवेटिव शैक्षिक उपकरण			500	-	क्रयादेश निर्गत।
	(ख) विद्यालय पुस्तकालय की स्थापना	300		500	-	पुस्तकें प्राप्त की जा रही हैं।
	(ग) पुस्तकालय हेतु बक्से की आपूर्ति			800	-	क्रयादेश निर्गत।
	(घ) खेलकूद सामग्री की आपूर्ति			500	-	कार्यवाई आरम्भ
	(ङ) शौचालय निर्माण	140	127	657	58	शेष निर्माणाधीन
	(छ) पाकशाला निर्माण	140	139	563	42	शेष निर्माणाधीन।
	(ज) विद्यालय भवन	84	64	116	56	शेष निर्माणाधीन।
	(झ) विद्यालय मरम्मत	-	-	100	-	
	(ट) उपस्कर आपूर्ति	-	-	500	635	(135 मुसहर विद्यालय
	शिक्षण किट वितरण	1978 (56000 शिक्षण किट)	1978 (56000 शिक्षण किट)	1978	1978	
	विज्ञान एवं गणित शिक्षण में सुधार हेतु शिक्षकों का उन्मुखीकरण।	-	-	4	2	70 शिक्षकों का उन्मुखीकरण सम्पन्न।
	विद्यालय स्वास्थ्य कार्यक्रम	-	-	-	-	अभी आरम्भ नहीं।
	प्राथमिक उपचार किट की आपूर्ति	-	-	1977	-	अभी आरम्भ नहीं।
	शिक्षक पुरस्कार	-	-	24	61	

वर्ष 1993-94 में कार्यशाला आयोजन

विषय:- ग्राम शिक्षा समिति का उद्देश्य एवं गठन, एम0एल0एल0 कार्यक्रम, शिक्षकों का उन्मुखीकरण, नामांकन, शिक्षण किट वितरण, विद्यालयों/शौचालय/चापाकल निर्माण।

तिथि	कार्यशाला स्थल	प्रतिभागियों की संख्या
26.5.93	म0वि0 मीनापुर	52
7.6.93	म0वि0 तेपरी, मुरौल	122
19.7.93	म0वि0 नारायणपुर कुसम्ही	97
21.7.93	म0वि0 मोतीपुर	95
22.7.93	म0वि0 हरिदासपुर	97
24.7.93	म0वि0 रेपुरा	135
20.9.93	प्रखण्ड कार्यालय, परिसर, मीनापुर	158
30.9.93	प्रखण्ड कार्यालय, परिसर, बोचहाँ	100
5.10.93	म0वि0 हरिसभा चौक	100
12.10.93	थर्मल पावर स्टेशन, समाकक्ष, काँटी	183
16.10.93	मध्य विद्यालय, सकरा	119
30.10.93	मध्य विद्यालय, ढोली	112
4.11.93	प्रशिक्षण महाविद्यालय, तुर्की	160
23.11.93	मध्य विद्यालय, देवरिया	162
30.11.93	प्रखण्ड कार्यालय, साहेबगंज	125
7.12.93	मध्य विद्यालय, औराई (उर्दू)	142
21.12.93	मध्य विद्यालय, मणिकपुर	165

प्रशिक्षण

पृष्ठभूमि

बिहार शिक्षा परियोजना,प्राथमिक शिक्षा का पुनर्निर्माण कर शैक्षिक क्षेत्र में सुधार लाना चाहती है ताकि समाज में व्याप्त जड़ता,अंध विश्वास,निराशा,कटुता और हिंसा दूर हो सके।

अबतक प्राथमिक शिक्षा सबके लिए सुलभ नहीं हो पायी है। प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों में से 40% शिक्षक अपने पेशे में दक्ष नहीं पाये जाते हैं। लगभग 20% शिक्षक विद्यालय में नियमितरूप से समय पर उपस्थित नहीं रहते हैं। उनमें शिक्षण के प्रति रूचि नहीं है। निरीक्षण भी प्रभावकारी नहीं रह गया है। समुदाय एवं ग्राम शिक्षा समिति के सदस्यों में जागृति का अत्यंत अभाव है। समाज के समृद्ध लोग भी नहीं चाहते कि गरीब बच्चे पढ़ें। शिक्षकों के एक वर्ग में आज भी ऊँच-नीच एवं छुआछूत का कुसंस्कार विद्यमान है। भौतिक सुविधाओं में कमी,शिक्षार्थियों के अनुपात में शिक्षकों की अपेक्षित कमी,शिक्षकों की शिकायतों को दूर करने के लिए प्रभावी तंत्र का अभाव,शिक्षा की योजना एवं प्रबंधन में शिक्षकों की सहभागिता प्राप्त नहीं होना,शिक्षक सम्मान में कमी,शिक्षक संगठनों द्वारा व्यावसायिक निष्ठा बढाने में सहयोग प्राप्ति का अभाव,गरीबी एवं पिछड़ापन के कारण शिक्षा का सर्वव्यापीकरण संभव नहीं हो पाया है।इन परिस्थितियों में 6-14 आयुवर्ग के सभी बच्चों को 2000 ई0 तक विद्यालयों या अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों में नामांकित अवश्य कराना है। शिक्षा में गुणात्मक विकास आवश्यक रूप में करना है। यह अपने आप में एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। सर्वव्यापी नामांकन सर्वव्यापी भागीदारी एवं सर्वव्यापी उपलब्धि हेतु औपचारिक शिक्षा अथवा अनौपचारिक शिक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित कर इस लक्ष्यको प्राप्त किया जाना है।

प्रशिक्षण का महत्व एवं रणनीति

प्राथमिक शिक्षा में मजबूती प्रदान करने हेतु प्रशिक्षण का बहुत बड़ा महत्व है। प्रशिक्षण से ही शिक्षकों,अनुदेशकों एवं अन्य शिक्षाकर्मियों में अभिवृत्यात्मक एवं गुणात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। वास्तव में क्षेत्र में जाने पर यह पता चलाता है कि प्रशिक्षण के बाद शिक्षकों में पढ़ाई के प्रति जागरूकता आई है। वे नियमित एवं समयनिष्ठ हुए हैं। बाल केन्द्रित शिक्षा की अवधारणा एवं बाल मनोविज्ञान के प्रति शिक्षक अधिक संवेदनशील हो रहे हैं। विद्यालयों में गतिशीलता आ रही है। शिक्षण विधि में परिवर्तन के कारण शिक्षार्थियों के साथ-साथ समुदाय का आकर्षण भी विद्यालय की ओर होने लगा है। क्रीड़ा की घंटी मेंबच्चों के साथ शिक्षक स्वयं भी सहभागी हो रहे है।खेल विधि से अध्यापन कार्य प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा बड़े पैमाने पर संपन्न किया जा रहा है। शिक्षा उपादान के रूप में परिवेशीय वस्तुओं का शिक्षकों द्वारा भरपूर उपयोग किया जाने लगा है।

वास्तव में प्रशिक्षण जीवन के सभी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण है। प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षार्थी की दक्षताएँ पहले से बढ जाती हैं। एक सामान्य व्यक्ति प्रशिक्षण पाकर अंतरिक्ष यात्री बन जाता है। प्रशिक्षण मनुष्यो को ही नहीं बल्कि जानवरों को भी अपने कौशलों के विकास में सहायता प्रदान करता है। सर्कस के प्रशिक्षित जानवर इसका आदर्श उदाहरण है। प्रशिक्षित कुत्ते वैसे करतब कर दिखाते है जो अच्छे से अच्छे पुलिस अधिकारी भी नहीं कर पाते। अतः जीवन में प्रशिक्षण के महत्व को स्वीकारना ही पड़ता है। यही कारण है कि बिहार शिक्षा परियोजना में प्रशिक्षण पर बहुत बल दिया गया है। प्राथमिक स्कूलों के शिक्षकों का शिक्षार्थियों पर बड़ा गहरा प्रभाव पड़ता है। इसलिए उनके उचित प्रशिक्षण पर ध्यान दिया जा रहा है। इस जिले में प्रशिक्षण कार्य हेतु जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मुरौल एवं डायट उपकेन्द्र के रूप में महिला प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय,रामबाग को अधिगृहित किया गया है। इन दोनों संस्थानों में शिक्षकों का 21 दिवसीय सेवाकालीन आवासीय प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण को दो चरणों में बाँटा गया है। प्रशिक्षण का पहला चरण 10 दिवसीय अभिवृत्यात्मक परिवर्तन के लिए है तथा इस प्रशिक्षण के एक माह बाद दूसरे चरण का 11 दिवसीय प्रशिक्षण विषयगत ज्ञान के लिए आयोजित किया जाता है। प्रशिक्षण को केवल शिक्षकों तक ही सीमित नहीं रखा गया है क्योंकि

प्रशिक्षण तो एक प्रक्रिया है जो सभी व्यक्तियों में अंतर्निहित प्रतिभाओं एवं कुशलताओं का विकास करती है। अतः गणित एवं विज्ञान शिक्षकों का तीन दिवसीय, गुच्छ प्रधानों का पाँच दिवसीय, निरीक्षी पदाधिकारियों का 5 दिवसीय, ग्राम शिक्षा समितिके प्रशिक्षण हेतु साधन-सेवियों का दो दिवसीय, अनौपचारिक शिक्षा के मास्टर ट्रेनर का 12 दिवसीय, अभियान संयोजक का 7 दिवसीय एवं अनुदेशकों का वर्ष में 30 दिवसीय{12+10+8} तीन चरणों में, महिला समाख्या के सहयोगिनियों का 6 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। महिला समाख्या के लिए अब अलग साधन केन्द्र इस हेतु स्थापित किया जा चुका है। डायट केन्द्रों में स्थानाभाव केकारण प्रखण्ड मुख्यालयों में अनौपचारिक शिक्षा के अनुदेशकों का प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है।

इस जिले में परियोजना परिषद द्वारा डायट, मुरौल में प्राचार्य नियुक्त किए जा चुके है। किन्तु साधनसेवी के रूप में एसoसीoईoआरoटीo द्वारा 26 साधनसेवियों को प्रशिक्षण कार्य हेतु प्रशिक्षण दिलाया गया है।

गुच्छ प्रधानों एवं निरीक्षी पदाधिकारियों के लिए अबतक प्रशिक्षण मैनुअल उपलब्ध नहीं है। इसी प्रकार गणित एवं विज्ञान शिक्षण के प्रशिक्षण हेतु भी प्रशिक्षण मैनुअल तैयार नहीं है। प्रशिक्षण को प्रभावी बनाने हेतु इन मैनुअलों को भी उपलब्ध कराना होगा। शिक्षकों छात्रों एवं अन्य शिक्षाकर्मियों से संपर्क हेतु एक मासिक बुलेटिन भी निकालने की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

<u>लोकभागीदारी</u>

